BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 11 मई, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# बीआरएस को इस बार जोर का झटका देगी सिकंदराबाद छावनी की जनता : एन. श्री गणेश

## एक ही परिवार का एकछत्र राज होगा ध्वस्त, पब्लिक में बीआरएस के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा
## सुचारु जलापूर्ति, चमचमाती सड़कें-गलियां और हाईटेक सरकारी स्कूल मेरी पहली प्राथमिकताएं
## महिंद्रा हिल्स में एन.श्री गणेश का हुआ भव्य स्वागत, वोटर्स से मांगा जीत का आशीर्वाद



**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में भरपूर जलापूर्ति, क्षेत्र में गड्ढा मुक्त जगमगाती एवं चमचमाती सड़कें व गलियां और निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ देने वाले सभी सुविधाओं से युक्त अधिक से अधिक सरकारी स्कूल खुलवाना मेरी पहली प्राथमिकताएं हैं। यह बात सिकंदराबाद विधानसभा से उपचुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी गणेश नारायणन ने शुक्रवार को हिंदी दैनिक शुभ लाभ के विशेष संवाददाता से बातचीत में कही। श्री गणेश चुनाव प्रचार के दौरान महिंद्रा हिल्स में आयोजित एक स्वागत समारोह में शिरकत कर रहे थे। इस दौरान हिंदी दैनिक शुभ लाभ समूह के प्रधान संपादक एवं सिद्धि विनायक पब्लिकेशन के चेयरमैन गोपाल अग्रवाल ने श्री गणेश को पगड़ी-शॉल एवं मोतियों की माला पहनाकर उनका स्वागत और सम्मान किया। इस दौरान पहाड़ी श्याम मंदिर के परामर्शदाता अरुण डाकोतिया और किरण तायल सहित अग्रवाल समाज की कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

श्री गणेश ने शुभ लाभ संवाददाता से बातचीत के क्रम में कहा पिछले तीस वर्षों से सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र में एक ही परिवार का विधायक रहा है परंतु वह क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करवाने में विफल रहे। क्षेत्र की जनता ने उन पर कई बार विश्वास जताया पर हर बार बीआरएस विधायक ने क्षेत्रीय जनता के साथ विश्वासघात किया। स्थानीय जनता अब इस बात को बहुत अच्छी तरह से समझ चुकी है और वह अब बीआरएस के झांसे में नहीं आने वाली है। स्थानीय जनता अब बीआरएस को सबक सिखाने के लिए तत्पर है।

श्री गणेश ने 2023 के विधानसभा चुनावों में दूसरे स्थान पर रहने का हवाला देते हुए अपनी जीत पर पूरा विश्वास जताते हुए कहा कि मैं सिकंदराबाद छावनी उपचुनाव में जीत हासिल करूंगा। कांग्रेस की छह गारंटियों की बात पूछे गए सवाल के जवाब में श्री गणेश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जो जनता को जो गारंटियां दी थीं उनमें से अधिक को रेवंत सरकार पूरा कर चुकी है। महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा, 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, मुफ्त सिलेंडर सहित चार गारंटियां पूरी हो गई हैं। बस दो गारंटियां ही बाकी बची हैं। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आचार संहिता न लगी होती तो अब तक वह दोनों गारंटियां भी पूरी हो चुकी होतीं। श्री गणेश ने कहा कि सीएम रेवंत रेड्डी खुद 15 अगस्त तक सभी गारंटियों को पूरा करने का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में कांग्रेस पर यह आरोप लगाना कि वह अपनी गारंटियां पूरी नहीं कर रही यह सरासर विपक्षी दलों का दुष्प्रचार है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से तेलंगाना में सत्तारूढ़ रही बीआरएस सत्ता छिनने से तिलमिलाई हुई है, इसीलिए वह इस तरह की बातें कर रही है। श्री गणेश ने कहा कि यह वही बीआरएस है जिसने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद तेलंगाना की जनता से कहा था कि वह पांच साल में अपने सभी वादे पूरे नहीं कर पाई है इसलिए उसे पांच साल का और समय दिया जाए पर दूसरे कार्यकाल में भी वह सिकंदराबाद की जनता के लिए पर्याप्त पेयजल नहीं उपलब्ध करा पाई। क्षेत्र में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राज्य की सत्ता में आए महज कुछ ही समय हुआ है ऐसे में उसे अपने वादे पूरे करने के लिए भी कुछ तो समय मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह लगातार पंद्रह वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे हैं ऐसे में वह क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं और चुनाव जीतने के बाद वह सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार है और मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी खुद दो बार क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने आ चुके हैं, ऐसे में उन्हें सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए सरकार की तरफ से क्षेत्र के विकास के लिए धन मिलने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या इतनी गंभीर है कि वह विधायक न रहते हुए भी कई वर्षों से क्षेत्रीय लोगों के लिए निःशुल्क पानी के टैंकर उपलब्ध करवाते हैं जो स्थानीय जनता से छिपा नहीं है। एक सवाल के जवाब में श्री गणेश ने कहा कि विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए वह कांग्रेस के खिलाफ अनर्गल प्रलाप और दोषारोपण कर रहे हैं।

एक सवाल के जवाब में श्री गणेश ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी को सिकंदराबाद विधानसभा की बाउंड्रीवाल ताज की जानकारी नहीं है ऐसे में वह क्षेत्र का विकास कैसे करेगा। एक अन्य सवाल के जवाब में श्री गणेश ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद मैं तेलंगाना की कांग्रेस सरकार से छावनी स्थित सिविल एरिया को कैंटोमेंट बोर्ड से अलग कर उसे नगर निगम में मर्ज करवाऊंगा ताकि क्षेत्र को पर्याप्त पानी मिल सके साथ ही कैंटोनमेंट क्षेत्र में स्थित सिविल भूमि को राज्य सरकार द्वारा बातचीत के जरिए फ्रीहोल्ड करवाया जाए ताकि छावनी विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। बताते चलें कि श्री गणेश, जो पहले भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ते थे। 30 नवंबर, 2023 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट पर बीआरएस उम्मीदवार लास्या नंदिता से 17,169 वोटों के मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा था। एक सवाल के जवाब में श्री गणेश ने कहा कि उन्हें इस बार जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन मिला रहा है। उन्होंने दावा किया कि वह कम से कम 30 हजार से अधिक मतों से विजयी होंगे।

# परशुराम जयंती पर पूजा-अर्चना का आयोजन



**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में गणेशघाट कारवान स्थित प्राचीन गणेश मंदिर, उत्तरमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित श्री परशुराम सेवा मंडल द्वारा स्थापित भगवान परशुराम मंदिर में श्री परशुराम जयंती के अवसर पर वेदोक्त तथा शास्त्रोक्त पद्धति से पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में तेलंगाना जाट समाज एकता मंच प्रदेश अध्यक्ष धर्माराम ढाका, मंदिर के अग्रणी कमल किशोर महाराज, भाजपा नेता बालाजी हिवरे, गिरीश जोशी, प्रवीन मिश्र एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पूजा-अर्चना उपरांत श्री परशुराम सेवा मंडल के संस्थापक अध्यक्ष व मंदिर के संस्थापक नवरतन इन्दोरिया ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

# एचआईवी पॉजिटिव मरीजों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारती स्त्री शक्ति तेलंगाना की अध्यक्ष भारती राजवामी कुट्टोर और देवकी तारा चौगुले परियोजना समन्वयक ने रेडक्रॉस गड्डीअनारम में चेयुथा महिला समुदाय आधारित संगठन के एचआईवी पॉजिटिव सदस्यों के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और आवश्यक भोजन का वितरण किया है। इस मौके पर डॉ. रमादेवी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आशा जोशी पोषण विशेषज्ञ, डॉ. कीर्तन सहायक उस्मानिया अस्पताल के प्रोफेसर और डॉ. सुधा डेंटल सर्जन ने स्वास्थ्य के महत्व एवं दवा और उचित आहार के सेवन से बेहतर जीवन के लिए किए जाने वाले उपायों की जानकारी दी। अमिता रानी सलाहकार, सुमन और पी. अन्नपूर्णा एडवोकेट भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं। चेयुथा की प्रभारी प्रिया सहित स्टाफ एवं संस्था के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बीएसएस सदस्यों ने प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य के निर्माण के लिए सदस्यों को विभिन्न वस्तुओं का योगदान दिया और वितरित किया। बीएसएस कानूनी, स्वास्थ्य, उद्यमशीलता, चिकित्सा जागरूकता, कला और संस्कृति आदि जैसे सभी क्षेत्रों में महिलाओं के विकास की दिशा में काम कर रहा है।

# अग्रवाल समाज मलकपेट ने किया अन्नप्रसाद का वितरण




**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज मलकपेट के तत्वावधान में प्रतिमाह अनुसार मासिक अन्नप्रसाद का आयोजन गंज स्थित अग्रसेन हॉल के पास किया गया, जिसमें 650 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अवसर पर शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मानद मंत्री प्रदीप बंसल, संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, केंद्रीय समिति सदस्य लाजपतराय गुप्ता, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, श्याम सुंदर अग्रवाल, ओम प्रकाश पचैरीया, दिनेश गोयल, सुरेश गोयल, गोपाल मोदी, नितिन अग्रवाल तथा युवा मोर्चा से नितेश अग्रवाल, दरवेश अग्रवाल, जितेंदर गोयल ने अपनी सेवा प्रदान की।

# भाजपा हकीकत में इस बार 400 का आंकड़ा पार करेगी : सतीश जाजू



**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश कुमार जाजू ने कहा कि उन्होंने जीएचएमसी क्षेत्र में लोकसभा के प्रचार के दौरान व्यापारियों और आम जनता में खास उमंग और उत्साह देखा। उन्होंने कहा कि जीएचएमसी क्षेत्र में चार लोकसभा क्षेत्र में आते है और चारों सीटें भाजपा के खाते में जाएंगी। उन्होंने कहा कि लोग भ्रामक अफवाहें फैला रहे हैं पर इस बार जनता तीसरी बार मोदीजी लाने का मन बना चुकी है और

निश्चित उनका चार सौ पार का नारा हकीकत बन चुका है। उन्होंने बताया कि तीसरी बार मोदीजी प्रचंड बहुमत से जीतने के बाद इस बार व्यापार एवं व्यापारियों के लिए विशेष नीतियां होंगी क्योंकि हमे विकसित भारत 2047 के और विश्व की अर्थव्यवस्था में अग्रसर होने के लिए मोदी सरकार विशेष प्राथमिकता देगी और सभी से अपील है कि पहले मतदान करें फिर जलपान।

मतदान एक ऐसी ताकत है जिससे हम अपने देश को बदल सकते है
बोर्डर पर नहीं जा सकते,
बूथ पर तो जा सकते हो ना?
मतदान अवश्य करे,

यह आपका अधिकार है
रिद्धीश रमेश जागीरदार

# मैं सबसे सुलभ सांसद हूं, मेरा घर सबके लिए खुला है : कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी

**हैदराबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा के चेवेल्ला उम्मीदवार कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी 4,500 करोड़ से अधिक की घोषित संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं। वह 2014 में बीआरएस के टिकट पर जीते, 2019 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव हार गए और अब भगवा झंडे के नीचे चुनाव लड़ रहे हैं। वह एक प्रतिष्ठित परिवार से हैं, उनके दादा के.वी. रंगारेड्डी डिप्टी सीएम थे और उनके नाम पर एक जिले का नाम रखा गया, जबकि उनके पिता के. माधव रेड्डी पूर्व मुख्य न्यायाधीश थे।



श्री रेड्डी के पास जीने के लिए एक विरासत है और शुभ लाभ हिंदी दैनिक के साथ इस साक्षात्कार में उन्होंने बताया कि उन्हें क्यों चुना जाना चाहिए। उन्होंने चुनाव अभियान और लोगों की मिल रही प्रतिक्रियाओं के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान बहुत अच्छा चल रहा है और प्रतिक्रिया बिल्कुल अभूतपूर्व है। जब मैंने प्रजा आशीर्वाद यात्रा की तो मैं सिर्फ अपने अनुयायियों को सूचित करना और उनका आशीर्वाद लेना चाहता था, लेकिन यह एक सम्मिलित यात्रा बन गई। मैं जहां भी गया, लोग भाजपा में शामिल होने की इच्छा व्यक्त कर रहे थे।

घोषणा पत्र के बाबत पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कोई घोषणापत्र नहीं बल्कि एक संकल्प है कि मैं क्या करूंगा। मेरा एक विविध निर्वाचन क्षेत्र है जिसमें उच्च तकनीक कार्यालय, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे जैसे विकसित क्षेत्र और पिछड़े क्षेत्र भी हैं। मेरे पास विशिष्ट समस्याओं वाले सात क्षेत्र हैं और मैं उन्हें पानी के मुद्दों, रेलवे कनेक्शन, ऋण आदि जैसे रोडमैप के साथ संबोधित करना चाहता हूं। स्वास्थ्य सेवा में कई क्षेत्रों की कमी है और आयुष्मान भारत इसका उत्तर है।

निर्वाचन क्षेत्र के मुख्य मुद्दों की बाबत पूछे गए सवाल के जवाब में कोंडा विश्वेश्वर ने कहा कि सड़कें ख़राब हैं, सीवेज उफान पर है, पीने के पानी की कमी है और झीलें बदबूदार तालाब बन गई हैं। स्कूलों की हालत ख़राब है जबकि निजी शिक्षा बहुत महँगी हो गई है। कांग्रेस के सत्ता संभालने के बाद बिजली कटौती और टैंकर वापस आ गए हैं। हमें कामकाजी महिलाओं के लिए अधिक पार्क, बेहतर आंगनबाड़ियों और क्रेच की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों में लोग पेंशन चाहते हैं जबकि बेर-ोजगारी एक बड़ी समस्या है। बोरवेल सूखने से किसानों को सिंचाई की जरूरत है। हम धान के बजाय बाजरा को बढ़ावा देना चाहते हैं क्योंकि वह किसानों के लिए एमएसपी के रूप में बहुत लाभदायक है।

सांसद के रूप में आम लोगों और कैडर के लिए पहुंच से बाहर होने के आरोप संबंधी एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि मेरा घर सबके लिए खुला है। मेरे घर में कोई दरवाज़ा नहीं है और न ही किसी को रोकने के लिए कोई सुरक्षाकर्मी है। मैं सबसे सुलभ सांसद हूं और अपने पांच साल के कार्यकाल में हर गांव में जाने वाला एकमात्र सांसद हूं और अब तक ऐसा कर रहा हूं।

बार-बार पार्टियां बदलने के सम्बन्ध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं जहां हूं वहीं हूं, क्षेत्र के लिए काम कर रहा हूं। टीआरएस को तेलंगाना का रक्षक माना जा रहा था। उन्होंने दावा किया कि धन आंध्र को भेजा जा रहा था, लेकिन कालेश्वरम (परियोजना) का निर्माण करके लूटपाट शुरू कर दी और राज्य को भारी कर्ज देकर दिवालिया बना दिया। मूल आंदोलनकारियों को नजरअंदाज कर दिया गया, इसलिए यह टीआरएस है जो बदल गई है और राज्य को धोखा देते हुए यू-टर्न ले रही है, मेरे साथ नहीं। मैं यह उम्मीद करते हुए कांग्रेस मं शामिल हुआ कि तेलंगाना को केसीआर के अत्याचारी परिवार से मुक्त कराया जाएगा, लेकिन दो-तिहाई विधायक बीआरएस में चले गए। मैं तेलंगाना के पक्ष में हूं और क्योंकि भाजपा की विचारधारा भारत प्रथम है जिसका अर्थ है राज्यों, क्षेत्रों और चेवेल्ला का विकास इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुआ।

पीएम मोदी मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ अभियान की बाबत पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस ही है जो सांप्रदायिक हो गई है क्योंकि वे मुसलमानों के लिए कोटा चाहते हैं जो डॉ. अंबेडकर और संविधान के खिलाफ है। हम वही करना चाहते हैं जो देश के लिए सही है। धर्म-आधारित आरक्षण हानिकारक है और कई मामलों में, मुसलमानों के लिए भी हानिकारक है, क्योंकि केवल शिक्षित अभिजात वर्ग ही इसका उपयोग करेगा, गरीब नहीं, जैसा कि कुछ राज्यों में हुआ है।

निर्वाचित होने पर निर्वाचन क्षेत्र में बदलाव लाने संबंधी सवाल के जवाब में भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि कांग्रेस सरकार पलामुरु-रंगा रेड्डी को डिजाइन करने में कालेश्वरम जैसी परियोजनाओं का निर्माण न करे और केंद्रीय धन का दुरुपयोग होने से रोके। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि एक लाख लोगों को पीएमएवाई योजना के तहत घर मिले। मुझे बेरोजगारी की समस्या से निपटने के लिए स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए ऋण मिलेगा।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**सार्वजनिक ई-निविदा सूचना सं. डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/13/2024 दि. 08-05-2024** पीयूबी/0431

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए प्रत्येक के आगे दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित है।

**क्रम सं.** 01. **निविदा सं.** : ई-12-दक्षिण-2024. **कार्य का नाम : एसडब्ल्यू-I) :** जीडीआर- बीजेडए सेक्शन : सीनि. डीईएन/दक्षिण/ बीजेडए अधिकार क्षेत्र के गुडूर-चिन्नागंजम स्टेशनों के बीच विभिन्न स्थानों पर टीटीआरआर-6 सेट्स, इम्प. एसईजे-19 सेट, जीजे-76 नग। **एसडब्ल्यू-II) :** जीडीआर- बीजेडए सेक्शन : सीनि. डीईएन/दक्षिण/ बीजेडए अधिकार क्षेत्र के गुडूर-चिन्नागंजम स्टेशनों के बीच विभिन्न स्थानों पर टीटीआर (टीएसआर)-46 सेट्स। **निविदा मूल्य** : रु. 1,11,43,992/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 2,05,700/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 20-05-2024.

**क्रम सं.** 02. **निविदा सं.** : ई-13-दक्षिण- 2024. **कार्य का नाम** : बीजेडए-जीडीआर सेक्शन : वर्ष 2023-24 के अम्ब्रेला कार्यों (पीएच-6400) के अंतर्गत एयर कंडीशनिंग कार्यों के साथ डायनिंग हाल, किचन के साथ बेड क्षमता में विधिवत वृद्धि (30 बेड क्षमता) करते हुए नए रनिंग रूम का प्रस्तावित निर्माण (परियोजना आई.डी. सं. 11.06.64.23.55.003) **निविदा मूल्य** : रु. 1,14,92,075/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 2,07,500/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 09 (नौ) महीने, **बंद होने की तिथि** : 23-05-2024.

**क्रम सं.** 03. **निविदा सं.** : ई-14-दक्षिण-2024. **कार्य का नाम** : एडीईएन/ ओजीएल सब-डिवीजन के एसएसई/डब्ल्यू/ ओजीएल सेक्शन में ओपन कट विधि द्वारा आरसीसी बाक्सों के साथ ब्रिज सं. 581 अप एवं 587/ए अप के लिए प्रस्तावित बाक्स लांचिंग एवं बकाया सुरक्षात्मक कार्य। **निविदा मूल्य** : रु. 4,65,18,746/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 3,82,600/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 14-05-2024.

**क्रम सं.** 04. **निविदा सं.** : ई-15-दक्षिण-2024. **कार्य का नाम** : गुडूर-विजयवाड़ा सेक्शन : सीनि. डीईएन/ दक्षिण/ बीजेडए अधिकार क्षेत्र के एडीईएन/ओजीएल एवं एडीईएन/ एनएलआर सब-डिवीजनों में अप एवं डाउन लाइनों पर विभिन्न स्थानों पर गेज फेस एवं नॉन-गेज फेस दोनों पर इन-सर्विस रेल्स की पेंटिंग। **निविदा मूल्य** : रु. 3,19,60,042/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 3,09,800/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 31-05-2024.

**क्रम सं.** 05. **निविदा सं.** : ई-16-पूर्व-बीजेडए-2024. **कार्य का नाम** : बीजेडए डिवीजन : 2 वर्ष की अवधि के लिए डीईएन/पूर्व/ बीजेडए अधिकार क्षेत्र के एडीईएन/ लाइंस/बीजेडए सब-डिवीजन में सीएमएस क्रासिंग्स की रिकंडीशनिंग। **निविदा मूल्य** : रु. 1,06,41,681/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 2,39,300/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 24 (चौबीस) महीने, **बंद होने की तिथि** : 29-05-2024.

**क्रम सं.** 06. **निविदा सं.** : ई-17-पूर्व-बीजेडए-2024. **कार्य का नाम** : बीजेडए डिवीजन : बीजेडए स्टेशन पर गुंटूर कुआँ से कोच वाटर सप्लाई के कनेक्शन के लिए पाइपलाइन की मरम्मत एवं सहायक पम्पिंग व्यवस्थाएँ। **निविदा मूल्य** : रु. 23,65,422/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 47,300/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 06 (छह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 29-05-2024.

**क्रम सं.** 07. **निविदा सं.** : ई-18-पूर्व-बीजेडए-2024. **कार्य का नाम** : बीजेडए-केआई सेक्शन : एसएसई/ कार्य/ बीजेडए सेक्शन में 5 किमी. फेन्सिंग लंबाई (फेज-I) के लिए प्रीकास्ट आरसीसी पैनल्स इनवर्टेड टी एलीमेंट्स का उपयोग करते हुए 130 केएमपीएच के लिए सुरक्षा फेंसिंग/बाउंड्री वाल की व्यवस्था। **निविदा मूल्य** : रु. 2,08,82,662/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 2,54,400/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 29-05-2024.

**क्रम सं.** 08. **निविदा सं.** : ई-09-ब्रिजेस-बीजेडए-2024. **कार्य का नाम** : बीजेडए डिवीजन : बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन : आरओबीस-25 नग के बियरिंग्स के निरीक्षण के लिए इंस्पेक्शन प्लेटफार्म्स का प्रावधान। **निविदा मूल्य** : रु. 69,40,297/-, **पूर्व धरोहर राशि**: रु. 1,38,800/-, **पूरा करने की अवधि महीनों में** : 12 (बारह) महीने, **बंद होने की तिथि** : 28-05-2024.

(1) संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि किसी निविदा में किसी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की तिथि से पूर्व वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

**डिवीजनल रेलवे मैनेजर (कार्य), विजयवाड़ा**

**निविदा सूचना सं. एनईडी/ई-04 एवं 06 से 07/ 2023-24 दिनांक : 02-05-2024** पीयूबी/0432

निम्नलिखित **ई-निविदाओं** के लिए **www.ireps.gov.in** पर प्रस्ताव आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.** : 01. **निविदा सं.** : **एनईडी/ई-04/ 2024-25. कार्य का नाम** : नांदेड़ डिवीजन - लालवाड़ी पिटीलाइन नांदेड़ में एलएचबी कोचों के रखरखाव हेतु 750वी सब स्टेशन का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,30,85,639/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 2,15,400/-, **प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन, **पूरा करने की अवधि** : 04 महीने, **यहाँ उपलब्ध** : **www.ireps. gov.in**, नांदेड़ डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत। **बंद होने की तिथि एवं समय** : 29-05-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** : 02. **निविदा सं.** : **एनईडी/ई-06/ 2024-25. कार्य का नाम** : नांदेड़ डिवीजन - डीआरएम ऑफ़िस नांदेड़, एससीएडीए बिल्डिंग एवं डिवीज़नल रेलवे हॉस्पिटल, नांदेड़ में अग्निशमन प्रणाली की स्थापना एवं आपूर्ति हेतु प्रावधान। **अनुमानित मूल्य** : रु. 27,29,038/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 54,600/-, **प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन, **पूरा करने की अवधि** : 06 महीने, **यहाँ उपलब्ध** : **www.ireps. gov.in**, नांदेड़ डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत। **बंद होने की तिथि एवं समय** : 29-05-2024 को 15.00 बजे।

**क्रम सं.** : 03. **निविदा सं.** : **एनईडी/ई-07/ 2024-25. कार्य का नाम** : नांदेड़ डिवीजन - डीएलबी, बीएमएफ एवं एमजीसी स्टेशनों में डाटा लॉगिंग प्रणाली के साथ ऑटोमेटिक कम्प्यूटरीकृत एक्सेल बॉक्स टेम्परेचर मेजरमेंट के लिए बिजली की आपूर्ति। **अनुमानित मूल्य** : रु. 13,98,128/-, **बोली सुरक्षा** : रु. 28,000/-, **प्रस्ताव की वैधता** : 60 महीने, **पूरा करने की अवधि** : 03 महीने, **यहाँ उपलब्ध** : **www.ireps.gov.in**, नांदेड़ डिवीजन एडमिनिस्ट्रेशन के अंतर्गत। **बंद होने की तिथि एवं समय** : 29-05-2024 को 15.00 बजे।

निविदा दस्तावेज, योग्यता मापदंड के विवरण, विशेष शर्तों आदि के लिए ऊपर उल्लेखित हमारी वेबसाइट को देखें। यह जाँचने की सलाह दी जाती है कि प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले क्या कोई शुद्धिपत्र ऑनलाइन प्रकाशित हुआ है।

**डिवीजनल रेलवे मैनेजर (इलेक्ट्रिकल), नांदेड़**

**ई-अधिप्रापण निविदा सूचना सं. निविदा सं. टीपी-245004** पीयूबी/0433

इन-स्लीपर इलेक्ट्रो-मेकानिकल पाइंट मशीन निर्माताओं से आग्रह है कि रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें, जिसमें इन-स्लीपर इलेक्ट्रो-मेकानिकल पाइंट मशीन के अधिप्रापण के लिए दक्षिण मध्य रेलवे, इंजीनियरिंग हेड क्वाटर्स (पीसीई/ओएल/एससी) के ट्रैक अधिप्रापण सेक्शन से संबंधित ई-निविदा प्रकाशित की गई है और निविदा दस्तावेज़ उपलब्ध हैं। निविदादाताओं से आग्रह है कि अपने प्रस्ताव केवल आईआरईपीएस वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत करें। निविदा के पूर्ण विवरण आईआरईपीएस वेबसाइट में देखे जा सकते हैं।

**डिप्टी चीफ इंजीनियर/टीपी/ एचक्यू/सिकन्दराबाद**

**A0550**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट: www.ireps.gov.in' या http://www.scr. indian railways.gov.in देखें


## हार के डर से आरक्षण रद्द करने का दुष्प्रचार कर रही कांग्रेस : के. श्रीनिवास



**आसिफाबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भाजपा जिला अध्यक्ष कोत्तापल्ली श्रीनिवास ने कहा कि भाजपा को 400 से अधिक संसदीय सीटें जीतने से रोकने के लिए कांग्रेस आरक्षण रद्द करने का दुष्प्रचार कर रही है। जिला मुख्यालय में जेडपीटीसी नागेश्वर राव के आवास पर उनके साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने याद दिलाया कि 2019 में उनकी सरकार संसद में अगले 10 साल के लिए आरक्षण नहीं हटाने का कानून लेकर आई है। 2029 तक इनमें बदलाव की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए संविधान बाइबिल, कुरान और भगवद गीता की तरह ही पवित्र है।उन्होंने याद दिलाया कि संविधान के रचयिता बाबा साहब अंबेडकर का कहना था कि धार्मिक आरक्षण सही नहीं है। उन्होंने कहा कि धार्मिक आरक्षण के कारण मुसलमानों को ओबीसी बना दिया गया। जीएचएमसी चुनावों में बीसी कोटा के तहत 31 मुसलमानों को नगरसेवक के रूप में चुना गया था, जिसके कारण अन्य बीसी को भी नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने याद दिलाया कि मुसलमानों की स्थिति का पता लगाने के लिए सच्चर और रंगनाथ मिश्रा समिति का गठन किया गया था और 2006 में समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार, 10% अल्पसंख्यक आरक्षण लागू करने की सिफारिश की गई थी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने सभी समुदायों को बराबर करने के इरादे से आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों के लिए भी आरक्षण प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पद पर पहली बार एससी और दूसरी बार एसटी को मौका देने का गौरव भाजपा ने दिया है। जेडपीटीसी अरिगेला नागेश्वर राव ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के लिए जिसे भी ढूंढेगी उसे भर्ती कर लेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरी पार्टियों में वांछित नहीं हैं, उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कर वह ताकत दिखाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस चाहे कुछ भी कर लें पर भाजपा सांसद की जीत तय है। इस कार्यक्रम में एमपीपी मल्लिकार्जुन, एमएमआरपीएस नेता रेगुंटा केशव, पार्टी जिला उपाध्यक्ष विशाल, महासचिव चारला मुरली और नेता गणेश ने भाग लिया।


## कांग्रेस एवं वाईएसआर कांग्रेस सिर्फ लूट, झूठ और परिवार की कहानी : भजनलाल

**तिरूपति, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस एवं वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को लूट, झूठ एवं परिवार की कहानी बताते हुए आरोप लगाया है कि इनकी सरकारें तुष्टिकरण एवं भ्रष्टाचार के आधार पर ही चलती हैं।श्री शर्मा गुरूवार को आंध्र प्रदेश के तिरूपति में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्हें परिवार से आगे कुछ नहीं दिखाई देता है जबकि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए देश के विकास को एक नई दिशा प्रदान की है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अपने घोषणा-पत्र में गढ़े गए झूठों के दम पर लोकसभा चुनाव जीतने का सपना कभी सच नहीं होगा। वर्ष 2014 से पहले कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार एवं आतंकवादी घटनाओं का आए दिन सामना करना पड़ता था। मोदीजी के प्रधानमंत्री बनने के बाद एक बार ही ऐसा दुस्साहस हुआ था लेकिन दुश्मनों को घर में घुस कर ऐसा मारा गया कि वो दोबारा हिम्मत नहीं कर पाए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार एवं तुष्टिकरण की जननी है और ये पार्टी परिवारवाद की प्रतीक है जबकि श्री मोदी ने 2014 के बाद राजनीति की परिभाषा को ही बदल दिया है।उन्होंने कहा कि राजस्थान की डबल इंजन की सरकार ने चार महीने में ही संकल्प पत्र के 40 से 45 प्रतिशत वादों को पूरा करके दिखाया है।



नगरागमन पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल एवं अमरावती की सांसद नवनीत रवि राणा से शिष्टाचार भेंट करते हुए उद्योगपति एवं पहाड़ी श्याम मंदिर के परामर्शदाता अरुण डाकोतिया।



पीएम मोदी की जनसभा में शामिल होने पहुंची सपना गुप्ता, अमीरपेट पार्षद सरल केतनी प्राची व अन्य।



हिल रिज स्प्रिंग्स गच्चीबावली की महिलाओं ने अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मंदिर जाकर पूजा अर्चना की और प्रसादम एवं गंगाजल वितरित किया।जिसमें सरिता, गीता अग्रवाल, हेमा, मालती, माया, मीनाक्षी, निर्मला गुप्ता, अंजना वशिष्ठ आदि उपस्थित रहीं।

## देश केवल मोदी शासन में ही सुरक्षित हैं : कोयला हेमा



**आसिफाबाद, 10 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कोयला हेमा ने मतदाताओं से अपील की है कि मोदी के शासन में ही देश सुरक्षित रहेगा, इसलिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। भारतीय जनता पार्टी से सांसद का चुनाव लड़ रहे गोमासा श्रीनिवास को जिताएं। इस महीने की 13 तारीख को होने वाले संसदीय चुनाव में भाजपा को पेद्दापल्ली से भारी बहुमत मिलेगा और यहां के लोगों को काका परिवार के शासन से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि पेद्दापल्ली सांसद पर अत्याचार करने वाले काका परिवार के शासन की निंदा की जानी चाहिए। वे अपने बंधनों से मुक्त होना चाहते थे। आज कोयला हेमा, पूर्व विधायक श्रीदेवी, गोमासा श्रीनिवास की पत्नी गीता और बीजेपी मंडल अध्यक्ष विजय ने बेल्लमपल्ली मंडल के माला गुरिजाला गांव में चुनाव प्रचार किया। इस मौके पर हेमा ने कहा कि अगर श्रीनिवास जीतेंगे तो इस क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताने को कहा। हेमा ने मतदाताओं से कहा कि अगर वे देश के भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो मोदी को प्रधानमंत्री बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोमासा श्रीनिवास का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ है और अगर वह जीतते हैं तो पेद्दापल्ली संसदीय क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि दलितों को बीजेपी को वोट देना चाहिए। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय, जिला उपाध्यक्ष पुलागम तिरूपति, जिला सचिव गोवर्धन, वरिष्ठ नेता एसटी मोर्चा पेद्दापल्ली संसद संयोजक अजमीरा श्रीनिवास, केशव रेड्डी, विधानसभा संयुक्त संयोजक राजू लाल यादव, महिला मोर्चा जिला महासचिव गोमसा कमला, दूधी प्रकाश, गंगाराम, नरसिंह, कलाली नरसैया, राजम, गौतमी, संगीता और अन्य ने भाग लिया।



बसवेश्वर जयंती के अवसर पर शुक्रवार को तानूर मंडल क्षेत्र के मोगली गांव मे महात्मा बसवेश्वर की जयंती बहुत ही हर्षोल्लास से मनाते हुए मोगली गांव के सभी समाज के लोगों ने महात्मा बसवेश्वर प्रतिमा की पूजा-आर्चना कर फूल मालाएं अर्पित कीं। इस अवसर मंडल सदस्य लक्ष्मण, लिंगायत समाज के लोगो के साथ-साथ सभी समाज के लोगों ने उपस्थित रहकर महात्मा बसवेश्वर के दर्शन किए।


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.15823104F Hav KAILASH KUMAR DNAGI of AOC Records, Trimulgherry PO, Secunderabad hereby declare that my mother name is to be changed from **DAKO DEVI** to **DROPADI DEVI** vide affidavit dt:10-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, K.SAVITHRI Spouse of Army No.JC 753244F Sub KANDUKURI SREENIVASULU, R/o.H.No.12-39/1, Plot No.552, Annapurna Colony, Opp:Maruthi Gardens, Opp:Indian Oil Petrol Pump, Nagaram, Medchal Malkajgiri Dist, Telangana-500083 have changed my name and DOB from **K.SAVITHRI**, DOB:**10-01-1968** to **KANDUKURI SAVITHRI**, DOB:**01-06-1967** vide Affidavit dt:10-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-771523P, Sub Tilok Ram, R/o. Vill- Dattau, PO-Sanwrad, Teh-Ladnun, Distt- Nagaur, Rajasthan-341303 have changed my Daughter name from **NEHA PRAJPAT** to **NEHA PRAJAPAT** date of birth from **15/02/2002** to **28/01/2002** vide affidavit dt 10-5-2024 G Ramchander, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-771523P, Sub Tilok Ram, R/o. Vill-Dattau, PO-Sanwrad, Teh-Ladnun, Distt-Nagaur, Rajasthan-341303 have changed my Son name from **PANKAJ KUMAR** to **PANKAJ PRAJAPAT** date of birth from **05/09/2005** to **25/08/2005** vide affidavit dt 10-5-2024 G Ramchander, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No.JC285351N Sub(DMT) K SRINIVASAN, R/o.Vill:Gengavaram, Po:Kanakkan Kesppam, Teh:Gingee, Dist:Viluppuram, Tamilnadu that my daughter name is to be changed from **S BHUVANESWARI** to **BHUVANESHWARI S** and son name is to be changed from **RS ANBUSELVAM** to **ANBUSELVAN RS** vide affidavit dt:10-5-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

